दिनभर बादल छाए रहने से बढ़ी ठिठुरन, सड़कों पर चहलपहल कम

गिरिडीह, प्रतिनिधि। गिरिडीह में सोमवार को कोल्ड डे जैसे हालात है। सुबह घना कोहरा छाया रहा। दोपहर में धूप कुछ देर के लिए निकली, लेकिन फिर अचानक से मौसम बदल गया। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और सर्द हवा चलने लगी। शाम होते ही कनकनी बढ़ गई। लोगों की रफ्तार धीमी हो गई। इस कारण लोगों को ठिठुरन से राहत नहीं मिली।

सोमवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री व अधिकतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस रहा। इधर, कनकनी बढ़ने पर गरीब और जरूरतमंदों में कंबल का वितरण जरूरी है। प्रशासन के अलावा अन्य संगठनों द्वारा अपने स्तर से कंबल बांटे जा रहे हैं। दूसरी ओर निगम प्रशासन भी ठंड से राहत को चौक-चौराहों पर अलाव जला रहा है।

11.1
डिग्री न्यूनतम तापमान सोमवार को रहा

- कोल्ड डे जैसे हालात, घरों में दुबके रहे लोग
- ठंड से राहत के लिए चौक पर जल रहे थे अलाव

सोमवार को शाम में तेज ठंड में अपनी मां के साथ ऑटो से घर जाता बच्चा।



सोमवार को शहर के पदम चौक रोड पर ठंड की वजह से रात 8 बजे पर पसरा सन्नाटा।

शहर से लेकर गांव तक चहलकदमी कम: सोमवार दिनभर बादल छाया रहा। सर्द हवा चलने से कनकनी काफी बढ़ गई। इस कारण दिन में भी बाजार में गहमागहमी कम रही। शाम ढलते ही शहर से लेकर गांव तक की सड़कों पर चहल-पहल कम हो गई थी। बाजार के चौक-चौराहों की रौनक कनकनी बढ़ने से फीकी पड़ गई। रात आठ बजे के बाद सड़कों पर इक्का-दुक्का लोग नजर आए। सड़क किनारे लगे चाट, गुपचुप, अंडा व फास्ट फूड की दुकानों पर ग्राहक नहीं के बराबर दिखे। कनकनी बढ़ने से ज्यादातर लोग घरों में दुबक गए हैं। बच्चे और बुजुर्गों को कनकनी से खासी परेशानी हो रही है। ठंड से आम व खास वर्गों के साथ बेजुबानों की परेशानी भी काफी बढ़ गई है।

ट्यूशन से लौटने के दौरान नाबालिग को घर छोड़ने के बहाने जंगल में ले गया था आरोपी

खोरीमहुआ : नाबालिग से दुष्कर्म मामले में युवक को भेजा गया जेल

खोरीमहुआ, प्रतिनिधि। खोरीमहुआ अनुमण्डल अंतर्गत घोड़धम्बा ओपी क्षेत्र की एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। वहीं ओपी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया है।

घटना को लेकर पीड़ित छात्रा की मां ने ओपी में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाते हुए कहा है कि हर रोज की तरह रविवार को भी मेरी पुत्री जो सातवीं क्लास की छात्रा है ने दोपहर बाद करीब 03 बजे ट्यूशन पढ़ने निकली और करीब ट्यूशन के एक घंटा बाद भी नहीं लौटी तो चिंता होने लगी। इसके बाद उसका पता करने निकले तो पता चला कि ओपी क्षेत्र के गोमांडीह ग्राम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के बगल जंगल में एक लड़का और एक लड़की को जाते हुए देखा गया है। आनन-फानन में जब जंगल पहुंचे तो बच्ची के साथ एक युवक दुष्कर्म कर रहा था और बच्ची चिल्ला रही थी। ग्रामीणों के सहयोग से आरोपी को पकड़ कर ओपी पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। वहीं पीड़ित बच्ची ने बताया कि मरकच्चो थाना क्षेत्र के मरकच्चो निवासी सुभाष राणा के 18 वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार राणा जो अपने बगल गांव के रहने वाली एक सहेली का रिश्तेदार है ने ट्यूशन से लौटने के दौरान कहा कि चलो घर छोड़ देते हैं। वह घर छोड़ने की बजाय नीमाडीह के जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया।

नाबालिग से दुष्कर्म करनेवाला आरोपी।

क्या कहते हैं ओपी प्रभारी

उक्त मामले में ओपी प्रभारी शंभू नन्द ईश्वर ने बताया कि पीड़िता के पिता के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर घोड़धम्बा ओपी कांड संख्या 04/25 धारा 64(2) 6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए युवक को न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया गया है। जबकि पीड़ित लड़की को मेडिकल कराते हुए धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराने के लिए न्यायालय भेज दिया गया है।

बगोदर: पुत्रवधू से दुष्कर्म के आरोप में ससुर गिरफ्तार

- गिरफ्तार आरोपी है सहायक अध्यापक
- आरोपी ने कहा मुझे प्रतिशोध में फंसाया गया

बगोदर, प्रतिनिधि। बगोदर इलाके में दुष्कर्म का एक और मामला सामने आया है। इस बार पुतोहू (पुत्रवधू) ने ससुर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। इसे लेकर पीड़िता के द्वारा सोमवार को बगोदर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही ई साक्ष्य एप्प के माध्यम से अनुसंधान कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

आरोपी का नाम सहदेव मिर्धा 50 साल है तथा वह थाना क्षेत्र के एक गांव का रहनेवाला है। साथ ही वह सहायक अध्यापक है। उसके खिलाफ पुत्रवधू के द्वारा सोमवार को बगोदर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। पीड़िता ने बताया कि रविवार रात्रि में वह घर पर अकेली थी। उसके पति और सास जन्म दिन पार्टी में शामिल होने के लिए चिचाकी गए हुए थे। घर में अकेली होने का फायदा उठाकर ससुर ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। बताया कि वह विरोध करती रही मगर उसका असर ससुर पर नहीं पड़ा। इधर दुष्कर्म के आरोपी सहायक अध्यापक सहदेव मिर्धा ने बताया कि पुत्रवधू के द्वारा उसे फंसाया जा रहा है। वह दूसरे लड़के से फोन पर बात करती रहती थी, जिसका मेरे द्वारा विरोध किया गया था। इसी के प्रतिशोध में मेरे खिलाफ आरोप लगाई है। इधर पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए गिरिडीह भेजा दिया है। थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि ई साक्ष्य एप्प के माध्यम से पुलिस के द्वारा अनुसंधान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तिसरी: संदेहास्पद स्थिति में विवाहिता की गई जान

तिसरी, प्रतिनिधि। तिसरी थाना क्षेत्र के डमूर गांव में सोमवार को संदेहास्पद स्थिति में एक विवाहिता की मौत हो गई है। इस घटना को लेकर जितनी मुंह उतनी बातें हो रही है।

जहां एक तरफ कुछ लोग महिला की हत्या करने की बात कह रहे हैं तो वहीं मृतका के ससुराल वाले सहित पूरे गांव के लोगों का कहना कि महिला ने मामूली बात पर कीटनाशक खाकर सुसाइड कर लिया है। इस घटना की जानकारी मिलने पर तिसरी के थाना प्रभारी रंजय कुमार सदल बल डमूर गांव पहुंचे लेकिन इसके पहले ही परिजनों ने आनन-फानन में शव को अंतिम संस्कार करने के लिए गांव के नदी के पास ले गए थे किंतु शव का अंतिम संस्कार करने के पहले ही पुलिस उक्त नदी के पास पहुंची और शव को आग के हवाले करने से रोक दिया।

पुलिस मामले की जांच के बाद ही शव का अंतिम संस्कार करने की बात कह रही थी।

कार में आग लगाने के मामले में पिता-पुत्र समेत 3 पर केस

डुमरी, प्रतिनिधि। ईसरी बाजार में शनिवार रात दो खड़ी कार में आग लगने के मामले में निमियाघाट पुलिस ने दो लोगों को नामजद और एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक कार के मालिक महाबीर सिंह के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है।

थाना में दिए गए आवेदन में महाबीर सिंह ने कहा है कि कुछ दिनों पूर्व उसका एक जमीन को लेकर सिकंदर यादव और उसके पुत्र दीपांशु कुमार से विवाद हुआ था। दोनों ने उसे देख लेने की धमकी दी थी। आवेदन में दावा किया गया है कि उक्त दोनों सहित एक अन्य ने उसे हानि पहुंचाने की नीयत से उसकी कार में आग लगा दी। विदित हो कि शनिवार की रात 11 बजे ईसरी बाजार कॉपरेटिव बैंक के समीप खड़ी महाबीर सिंह की मारुति स्विफ्ट कार और बादल जायसवाल की हुंडई कार में आग लगा दी गयी थी। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने आग पर काबू पाया तबतक पूरी कार जल चुकी थी। इस संबंध में थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में सिकन्दर यादव, उसके पुत्र दीपांशु कुमार और एक अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

बनहत्ती में दो स्कूटी सवार भिड़े, एक नाबालिग धराया

रांगाबाद, प्रतिनिधि। खंडोली पर्यटनस्थल से गिरिडीह शहर वापस लौट रहे दो स्कूटी पर सवार लोग किसी बात को लेकर रविवार देर शाम बनहत्ती के पास आपस में भिड़ गए। एक स्कूटी पर सवार दूसरी स्कूटी पर

कैसे हुई मारपीट की घटना

भुक्तभोगी माज अहमद ने थाना में दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि वे अपने दो साथियों के साथ

धान मशीन में फंसी महिला, घायल

झारखंडधाम, प्रतिनिधि। जमुआ प्रखंड के सलैया गांव में रविवार शाम धान कुटाई के दौरान धान मशीन में डालते समय एक महिला मशीन में फंस गई। हालांकि वह बाल बाल बच गई।

मशीन में फंसने के कारण वह बुरी तरह जख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए बाहर भेज दिया गया। महिला प्रीति देवी (25) के पति चंदन राम ने कहा कि ट्रैक्टर में धान कूटने की मशीन फीट थी। गांव में लोग उसी से धान कूटवाते हैं। पहली बार ऐसा हादसा हुआ। कहा कि गनीमत थी कि उसकी पत्नी चालू मशीन में फंसने के बाद भी बच गई।

पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी आम सूचना

भारत, सरकार, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली 110003 ने सर्वश्री अंतिबीर इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड, मंझीलाडीह, गिरिडीह-815302, में स्थापित वर्तमान (4 x 100 TPD) 'स्पञ्ज आयरन इकाई' का प्रस्तावित विस्तार परियोजना (15 MVA Submerged Arc Furnace for production of Ferro Alloys along with 20 MW Captive Power Plant) की स्थापना हेतु 'पर्यावरणीय स्वीकृति' वर्तमान में प्रदान कर दी गई है जिसका EC Identification संख्या EC24A100-5JH5162421N - फाइल संख्या IA-J-11011/328/2018-IA-II(I) dated 02.01.2025 है।

शहर 30s

शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता ने दिया इस्तीफा

गिरिडीह। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ गिरिडीह के जिला प्रवक्ता संजीव कुमार ने प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। उउवि धनवडीह के सहायक शिक्षक संजीव कुमार ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से संघ के प्राथमिक सदस्यता एवं जिला प्रवक्ता पद से इस्तीफा दिया है। बताया कि उन्होंने इस्तीफा संबंधित पत्र संघ के गिरिडीह जिला अध्यक्ष एवं सचिव को प्रेषित कर दिया है।

बच्चे को कुत्ते ने काटकर जख्मी किया

देवरी। देवरी थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में सोमवार को एक पागल कुत्ते ने ढाई साल के बच्चे प्रशांत कुमार को काटकर जख्मी कर दिया। घटना के बाद गांव में अफरा तफरी मच गई। बताया कि फतेहपुर गांव के दिवाकर राय के ढाई साल का पुत्र प्रशांत सोमवार को अपने घर के पास खेल रहा था। उसी क्रम में अचानक आये उक्त पागल कुत्ते ने उसे काटकर जख्मी कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने उपचार के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी में भर्ती करवाया।

चेक बाउंस मामले का वारंटी गिरफ्तार

गिरिडीह। नगर थाना पुलिस ने चेक बाउंस मामले के एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी नगर थाना क्षेत्र के तिरगा चौक निवासी संदीप कुमार संखालिया है। गिरफ्तारी के बाद नगर पुलिस ने सोमवार को वारंटी संखालिया को अदालत में प्रस्तुत किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में केंद्रीय कारा गिरिडीह भेज दिया गया। नगर थाना के पुअनि एनुल हक खान ने इसकी पुष्टि की है।

नाबालिग का अपहरण, प्राथमिकी दर्ज

गिरिडीह। मुफस्सिल थाना क्षेत्र एक गांव से एक 17 वर्षीया नाबालिग लड़की का अपहरण किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में नाबालिग लड़की के पिता की शिकायत पर मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्राथमिकी में बोकारो जिले के जेनामोड़ निवासी विवेक कुमार महतो को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। विवेक मोबाइल के माध्यम से उनकी बेटी से बातचीत हो रही थी। 03 जनवरी की संध्या 4 बजे से उनकी बेटी गायब है।

AMITY UNIVERSITY — JHARKHAND —

JANUARY 2025 SESSION ADMISSIONS OPEN

Ph.D. PROGRAMMES (Full Time/Part Time)

- BIOTECHNOLOGY
- CHEMISTRY
- COMMERCE
- COMPUTER SCIENCE AND ENGINEERING
- INFORMATION TECHNOLOGY
- MANAGEMENT
- MATHEMATICS
- MECHANICAL ENGINEERING
- PHYSICS

Be part of a Research & Innovation driven culture at Amity Group:

- Faculty have filed over 2200 patents and have been granted 405 patents
- Faculty have developed 4,500 Case Studies bought by MIT, Harvard, Oxford
- 30+ Research Centres
- 164 H-Index
- 500 Copyrights registered
- 40+ Ramalingaswami / Ramanujan Fellows
- 400 Govt. funded research projects being attended by faculty
- 2,000+ students pursuing Ph.D. in path-breaking areas
- 250 Global Universities as Research Partners
- 35,000 research papers published

For details on selection process, eligibility and to fill online forms, visit www.amity.edu/phd

Apply by: 15th January, 2025

HEC Core Capita Area, Murma, Naya Saral, Block Negri, Ranchi
Helpline: 72-820-77771/2/3/4/5 | 72-820-77772